पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-26 सोमवार, दिनांक-02 अप्रील, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 'क' 58 का उत्तर दिनांक 03.04.2012 तक स्थगित ।

(ii) 20 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 3136 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह से प्राप्त विद्युत मूल्यवृद्धि से संबंधित कार्यस्थगन की सूचना को आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई । संबंधित नियमन संलग्न ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(ii) श्रीमती सुजाता देवी
(iii) श्री रामसेवक हजारी
(iv) श्री रामदेव महतो
(v) श्री कन्हैया कुमार
(vi) श्री कुमार शैलेन्द्र
(vii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(viii) श्री अशोक कुमार सिंह
(ix) श्री जनक सिंह
(x) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(xi) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xii) श्री ललन राम
(xiii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(xiv) श्री राजेश्वर राज
(xv) श्री राजकुमार राय

[4] <u>अन्य चर्चाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री चन्द्रशेखर द्वारा दिल्ली एवं महाराष्ट्र की पुलिस द्वारा बिहार से एक खास समुदाय के लोगों को यदा-कदा पकड़कर ले जाने के संबंध में सरकार को सूचना दी गई ।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस विषय में सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट की गई ।

(ii) माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार के सभी शहर एवं गाँवों को वेबसाइट पर उपलब्ध कराने वाले प्रतिभाशाली नौजवानों का हौसला बढ़ाने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया ।

[5] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री रामधनी सिंह एवं अन्य सभासदों का गृह (विशेष) विभाग से संबंधित दिनांक 30.03.12 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 30.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 03.04.20123 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iii) माननीय सदस्य श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 04.04.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iv) माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों का पर्यावरण एवं वन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 04.04.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

[6] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा राज्य सूचना आयोग का वित्तीय वर्ष 2010-11 का वार्षिक प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 2.50 बजे अप० तक ।

[7] <u>विधायी कार्य</u> :- <u>राजकीय विधेयक</u> :-

(i) <u>**बिहार लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक, 2012**</u> :-

माननीय मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री चन्द्रशेखर द्वारा सिद्धांत पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

सदन द्वारा विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह का खण्ड-2 एवं 3 में प्रस्तुत संशोधन अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । इसपर माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना पक्ष रखा गया । माननीय मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(ii) <u>**बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) विधेयक, 2012**</u> :-

माननीय मंत्री राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग श्री रमई राम द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

सदन द्वारा विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी का खण्ड- 4 में एवं माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' का खण्ड-7 में प्रस्तुत संशोधन अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । इसपर माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना पक्ष रखा गया । माननीय मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[8] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 41 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सदन की बैठक मंगलवार, दिनांक 03 अप्रील, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-02.04.2012

लक्ष्मीकान्त झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।